भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं.224

02 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

मेट्रो रेल परियोजनाओं की मंजूरी के लिए उपयोग किए जाने वाले मापदंड

224 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या आवासन और शहरी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार नए मेट्रो रेल परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन और अनुमोदन 2011 की जनगणना पर आधारित जनसंख्या अनुमानों के आधार पर करती है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे अनुमानों के लिए उपयोग की जाने वाली कार्यप्रणाली का ब्यौरा क्या है और क्या सरकार ने 2011 के बाद से कई शहरों में हुए जनसांख्यिकीय परिवर्तनों को देखते हुए उनकी सटीकता का आकलन किया है;

(ग) मेट्रो रेल परियोजनाओं की व्यवहार्यता का आकलन करते समय जनसंख्या के आकार, अनुमानित यात्री संख्या, आर्थिक गतिविधि, रोजगार का संकेंद्रण और निवेश के रुझान सहित किन मापदंडों पर विचार किया जाता है; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान स्वीकृत सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं के संबंध में जनसंख्या संबंधी सभी मापदंड, जनसंख्या आंकड़ों के स्रोत, लागू पात्रता-सीमा, अनुमानित यात्री संख्या और जनसंख्या मानदंड के सापेक्ष अनुमोदन की स्थिति का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग) शहरी परिवहन, जो शहरी विकास का एक अभिन्न अंग है, राज्य का विषय है। इसलिए, संबंधित सरकार/संघ राज्य क्षेत्र मेट्रो रेल परियोजनाओं सहित शहरी परिवहन अवसंरचना के विकास की योजना बनाने के लिए जिम्मेदार हैं। मेट्रो परियोजनाएं लागत गहन हैं, इसलिए दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इनकी सावधानीपूर्वक योजना बनाने की आवश्यकता

है। इस पृष्ठभूमि में, जब भी राज्य सरकार द्वारा मेट्रो परियोजनाओं का प्रस्ताव दिया जाता है, तो केंद्र सरकार मौजूदा नीतिगत दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न स्तर पर उनकी गहन जांच करती है। परियोजनाओं को अनुमोदन प्रस्तावों की पूरी तरह से जांच करने के बाद दिया जाता है (ज़रूरी नहीं कि सिर्फ़ जनसंख्या के आधार पर), हालांकि यह हमेशा प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने विस्तृत मूल्यांकन दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनके आधार पर मेट्रो परियोजनाओं के प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है।

(घ) चालू वर्ष सहित पांच वर्षों के दौरान अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाओं का ब्यौरा अनुलग्नक -I में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक I

मेट्रो रेल परियोजनाओं की मंजूरी के लिए उपयोग किए जाने वाले मापदंड के संबंध में दिनांक 02.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 224 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

चालू वर्ष सहित पांच वर्षों के दौरान अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाएं:

वित्तीय वर्ष	**मेट्रो रेल परियोजना**	**लंबाई (किमी में)**	**लागत (करोड़ रुपये) में**	**अनुमानित सवारी संख्या (डीपीआर के अनुसार)**	**2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या**
वित्त वर्ष 2021-22	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण 2ए और 2बी	58.19	14,788.101	7,71,000(2025)	84,43,675
वित्तीय वर्ष 2022-23	कोच्चि मेट्रो चरण 1ए	2	710.92	46,000(2025)	21,19,724
	कोच्चि मेट्रो चरण II	11.2	1,957.05	1,13,572(2025)	
	नागपुर मेट्रो चरण II	43.8	6,708.00	7,44,000(2031)	24,05,665
वित्त वर्ष 2023-24	मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी गुरुग्राम (एनसीआर का हिस्सा)	28.5	5,452.72	5,63,175(2026)	15,14,432
	पुणे मेट्रो चरण 1 के कॉरिडोर 1 का विस्तार -	4.413	910.18	29,000(2023)	31,24,458

वित्तीय वर्ष	मेट्रो रेल परियोजना	लंबाई (किमी में)	लागत (करोड़ रुपये) में	अनुमानित सवारी संख्या (डीपीआर के अनुसार)	2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या
	पीसीएमसी निगडी				
	दिल्ली मेट्रो चरण IV (2 बैलेंस कॉरिडोर)	20.7	8,400.00	5,01,487(2031)	1,10,34,555
वित्तीय वर्ष 2024-25	बैंगलोर मेट्रो रेल परियोजना चरण 3	44.65	15,611.00	6,35,000(2028)	84,43,675
	ठाणे इंटीग्रल मेट्रो रेल परियोजना (एमएमआर का हिस्सा)	29	12,200.10	6,47,000(2029)	18,41,488
	पुणे मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 स्वरगत्ते से कात्रज तक विस्तार	5.46	2,954.53	95,000(2027)	31,24,458
	चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना चरण II	118.9	63,246.00	17,73,000 (2025)	46,46,732
	दिल्ली मेट्रो रिठाला कुंडली	26.43	6,230.99	1,26,000	1,10,34,555

वित्तीय वर्ष	मेट्रो रेल परियोजना	लंबाई (किमी में)	लागत (करोड़ रुपये) में	अनुमानित सवारी संख्या (डीपीआर के अनुसार)	2011 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या
				(2028)	
वित्तीय वर्ष 2025-26	पुणे मेट्रो चरण 2	12.75	3,626.24	96,000 (2027)	31,24,458
	डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार	2.6	416.34	33,139(2031)	7,39,000
	लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 बी	11.165	5,801.05	2,74,074 (2027)	28,17,105
	पुणे मेट्रो चरण 2 लाइन 4 खराडी से खड़कवासला	31.63	9,857.85	4,09,000 (2028)	31,24,458
	दिल्ली मेट्रो चरण V ए (एनसीआर का हिस्सा)	16.07	12,014.91	2,61,000 (2029)	1,10,34,555